# बॉलीवुड

## सिनेमा से

● रिपोर्टर

### अलिया ने पीएम मोदी से पूछा अजीबोगरीब सवाल, सुनकर आप रह जाएंगे दंग



**मुंबई।** दिवंगत अभिनेता राज कपूर के परिवार ने 10 दिसम्बर को पीएम नरेन्द्र मोदी से मुलाकात की और उन्हें राज कपूर फिल्म महोत्सव में आने का निमंत्रण दिया। महान अभिनेता एवं फिल्म निर्माता राज कपूर की 100वीं जयंती के उपलक्ष्य में यह महोत्सव आयोजित किया जाएगा। पीएमओ ने एक वीडियो जारी किया है जिसमें कपूर परिवार के लोग पीएम मोदी से बात करते नजर आ रहे हैं। मुलाकात के दौरान, आलिया भट्ट ने पीएम मोदी से हल्के-फुल्के अंदाज में एक सवाल कर दिया जिस पर सभी हंस दिए। आलिया भट्ट ने पीएम मोदी से पूछा कि क्या प्रधानमंत्री संगीत सुनते हैं। इसके जबाव में पीएम मोदी ने कहा कि हां मैं गाने सुन पाता हूं क्योंकि मुझे गाना सुनना अच्छा लगता है।

### सलमान खान के साथ काम कर सातवें आसमान पर रश्मिका मंदाना, बोलीं- सपना सच हो गया



**मुंबई।** खास बातचीत में रश्मिका ने कहा, 'यह बिल्कुल एक सपने के सच होने जैसा है। वह बहुत खास व्यक्ति हैं और बेहद विनम्र और जमीन से जुड़े हुए हैं।' उन्होंने आगे कहा, 'जब हम 'सिकंदर' की शूटिंग कर रहे थे, तब एक दिन सेट पर मेरी तबीयत ठीक नहीं थी। जैसे ही उन्हें मेरी तबीयत के बारे में पता चला तो उन्होंने मेरा खूब ध्यान रखा। उन्होंने क्रू से भी मेरा खास ध्यान रखने को कहा।' रश्मिका ने सलमान की तारीफ करते हुए आगे कहा, 'वह आपको खास महसूस कराते हैं। मेरा मतलब है वह देश के सबसे बड़े सितारों में से एक हैं, लेकिन वह बहुत विनम्र हैं।'

## सीता का रोल निभाने के लिए सात्विक हो गईं

# साई पल्लवी

## बोलीं-बंद करो अफवाह फैलाना



● मंथन संवाददाता

**मुंबई।** साउथ एक्ट्रेस साई पल्लवी जल्द ही नितेश तिवारी की 'रामायण' में नजर आने वाली हैं और इसे लेकर खबरें आ रही हैं कि उन्होंने सीता माता के रोल के लिए मांसाहारी खाना छोड़ दिया है। एक्ट्रेस ने इस पर अपना गुस्सा जाहिर किया है और लंबा-चौड़ा पोस्ट भी किया है। साई पल्लवी ने लिखा, 'ज्यादातर बार, लगभग हर बार, जब भी मैं आधारहीन अफवाहें/मनगढ़ंत झूठ/गलत बयान देखती हूं जो बिना किसी मकसद के (भगवान जाने) फैलाए जाते हैं तो मैं चुप रहना पसंद करती हूं लेकिन अब समय आ गया है कि मैं इस पर प्रतिक्रिया दूं।अगली बार जब मैं किसी प्रतिष्ठित पेज या मीडिया/व्यक्ति को मनगढ़ंत घटिया कहानी कहते हुए देखूंगी, समाचार या गपशप के नाम पर ऐसा किया तो आप कानूनी रूप से मुझसे सुनेंगे!'

**साई को शाकाहारी कहने पर भड़कीं एक्ट्रेस**

यह बात तब सामने आई जब एक तमिल दैनिक ने अपनी खबर में कहा कि एक्ट्रेस ने मांसाहारी खाना छोड़ दिया है, क्योंकि वह सीता माता की भूमिका निभा रही हैं। इसमें आगे दावा किया गया कि वह अपनी यात्राओं के दौरान रसोइयों की अपनी टीम के साथ यात्रा करती हैं, जो उनके लिए केवल शाकाहारी भोजन बनाते हैं। 'रामायण' के बॉयकॉट की मांग, भारतीय सेना को आतंकवाद से जोड़कर फंसीं साई पल्लवी, लोग बोले- ये मां सीता नहीं बनेगी।

**हमेशा से शाकाहारी हैं साई पल्लवीः** बता दें कि साई पल्लवी हमेशा से शाकाहारी रही हैं। एक्ट्रेस ने एक बार एक इंटरव्यू में यहां तक कहा था, 'यदि आप भोजन करते हैं, तो मैं हमेशा के लिए शाकाहारी हूं। मैं नहीं देख सकती कि कब कोई जीवन मर जाता है।

## अनोखी ख़बरें

### नेपाल में दिखा सुनहरे रंग वाला अनोखा कछुआ



नेपाल में सुनहरे रंग वाले कछुए की खोज हुई है। कछुए के इस दुर्लभ रंग बदलने की वजह जेनेटिक म्यूटेशन है। इसके कारण स्किन को रंग देने वाला पिगमेंट बदल गया है। नतीजा, यह सुनहरा दिखाई दे रहा है। नेपाल के टॉक्सिनोलॉजी एसोसिएशन के एक अधिकारी के मुताबिक, नेपाल में इस कछुए में 'क्रोमैटिक ल्यूसिज़्म' का यह पहला और दुनियाभर का केवल पांचवां मामला है।

**क्या होता है क्रोमैटिक ल्यूसिज्मः** क्रोमैटिक ल्यूसिज़्म उस स्थिति को कहते हैं, जब शरीर को रंग देने वाला तत्व ही बिग? जाता है। ऐसी स्थिति में स्किन सफेद, हल्की पीली या इस पर चकत्ते पड़ जाते हैं। लेकिन नेपाल में मिले कछुए में पीला रंग अत्यधिक बढ़ गया है। इसलिए यही रंग हावी है और यह सुनहरा दिख रहा है।

**पहली बार इस रंग का कछुआ दिखाः** इसे पहली बार देखने वाले रेप्टाइल एक्सपर्ट कमल देवकोटा कहते हैं, मैंने पहली बार इस रंग का कछुआ देखा है। नेपाल में 'क्रोमैटिक ल्यूसिज़्म' का यह पहला मामला है। यह काफी अलग किस्म की खोज है। नेपाल टॉक्सिनोलॉजी एसोसिएशन के विशेषज्ञ कमल देवकोटा के मुताबिक, रेंगने वाले जीवों का आध्यात्मिक महत्व अधिक होता है। सिर्फ सुनहरे जीव ही नहीं कछुए को भी नेपाल में धार्मिक नजरिए से देखा जाता है और इसे लेकर काफी मान्यताएं हैं।

कमल देवकोटा के मुताबिक, ऐसा माना जाता है कि भगवान विष्णु ने ब्रह्मांड को विनाश से बचाने के लिए कछुए का रूप धरा था। हिन्दु मान्यताओं के मुताबिक, कछुए के ऊपरी हिस्से को आकाश और निचले हिस्से को धरती माना जाता है।

### 6 पैर और 2 पूंछ के साथ पैदा हुआ अनोखा पप्पी



अभी इस पप्पी की फोटो और वीडियो देख रहे हैं। उनको अपनी आंखों पर यकीन नहीं हो रहा है। डॉक्टर का कहना है कि कि यह एक ऐसा असामान्य मेडिकल कंडीशन के कारण हुआ है। संयुक्त राज्य अमेरिका के ओक्लाहोमा में इस अनोखे पप्पी का जन्म हुआ है। आप देख सकते हैं कि वह थोड़ा अलग दिखती है, 6 पैर! उसे एक प्रकार का जन्मजात संयुग्मन विकार है, जिसे मोनोसेफालस डिपाइगस और मोनोसेफालस रचीपागस डिब्रैचियस टेट्रापस कहा जाता है, जिसका अर्थ है कि उसके 1 सिर और छाती की गुहा है 2 श्रोणि क्षेत्र, 2 निचले मूत्र पथ, 2 प्रजनन प्रणाली, 2 पूंछ और 6 पैर हैं।

# खेल-खिलाड़ी

### चीनी टीम ने 'बैडमिंटन विश्व महासंघ' से कई वार्षिक पुरस्कार जीते



**बीजिंग।** बैडमिंटन विश्व महासंघ ने सोमवार को दक्षिण चीन के हांग च्यो शहर में 2024 के सर्वश्रेष्ठ पुरस्कारों की घोषणा की। चीनी बैडमिंटन टीम ने वर्ष के सर्वश्रेष्ठ पुरुष एकल, मिश्रित युगल, पुरुष युगल और महिला युगल पुरस्कार जीते और सबसे बड़ी विजेता बन गई। चीनी बैडमिंटन टीम के शी युछी ने वर्ष का सर्वश्रेष्ठ पुरुष एकल खिलाड़ी, फेंग यानजे/हुआंग तुंगपिंग ने वर्ष की सर्वश्रेष्ठ मिश्रित युगल टीम, लियांग वेइकेंग/वांग चांग ने वर्ष की सर्वश्रेष्ठ पुरुष युगल टीम और लियू शेंगशू/टैन निंग ने वर्ष की सर्वश्रेष्ठ महिला युगल टीम का पुरस्कार जीता।

इसके साथ दक्षिण कोरिया की अहं से-यंग ने वर्ष की सर्वश्रेष्ठ महिला एकल खिलाड़ी का पुरस्कार जीता। इसके अलावा, वर्ष की सर्वश्रेष्ठ महिला विकलांग बैडमिंटन खिलाड़ियों का पुरस्कार चीनी एथलीट ली फेंगमेई और लियू यूथोंग को दिया गया और वर्ष के सर्वश्रेष्ठ पुरुष विकलांग बैडमिंटन खिलाड़ियों का पुरस्कार चीन के छ्यू ज़िमो को दिया गया। बैडमिंटन विश्व महासंघ ने पहले घोषणा की कि ओलंपिक चैंपियन और चीनी बैडमिंटन टीम के पूर्व सदस्य चेन लोंग और दक्षिण कोरियाई युगल स्टार ली योंग-डे को 2024 में बैडमिंटन वर्ल्ड फेडरेशन हॉल ऑफ फेम में शामिल किया गया था।

## डब्ल्यूटीसी

### एडिलेड में हार के बाद भारत के लिए वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप के फाइनल में पहुंचने का रास्ता काफी मुश्किल हो गया है

## एडिलेड की हार ने तोड़ दिया डब्ल्यूटीसी फाइनल का सपना? अब टीम इंडिया की कितनी उम्मीद बाकी

● मंथन विदेश ब्यूरो

**एडीलेड।** एडिलेड में मिली हार भारतीय क्रिकेट टीम के लिए कई मायनों में चुभने वाली है। इस हार से सिर्फ बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी जीतने की राह कठिन नहीं हुई है, बल्कि वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप के फाइनल का रास्ता भी मुश्किल हो गया है।

डब्ल्यूटीसी की ताजा प्वाइंट्स टेबल में ऑस्ट्रेलिया शीर्ष पर है। कंगारू टीम के बाद दूसरे नंबर पर दक्षिण अफ्रीका है। ऑस्ट्रेलिया के जहां 60.71 प्रतिशत अंक है। वहीं दक्षिण अफ्रीका के 59.26 प्रतिशत अंक हैं। तीसरे नंबर पर मौजूद भारत के अब 57.29 प्रतिशत अंक हैं। एडिलेड से पहले तक टीम इंडिया प्वाइंट्स टेबल में पहले नंबर पर थी, लेकिन एडिलेड की हार ने एक झटके में सबकुछ बदल दिया है।



**अब एक हार और खत्म हो जाएगी सारी उम्मीद**

भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच पांच मैचों की टेस्ट सीरीज 1-1 की बराबरी पर आ गई है। अभी इस सीरीज के तीन टेस्ट मैच बाकी हैं। अगर अब टीम इंडिया एक भी टेस्ट मैच हार जाती है तो फिर उसकी अपने दम पर वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप के फाइनल में पहुंचने की सारी उम्मीद खत्म हो जाएंगी। अगर भारत एक टेस्ट ड्रा कराता है और दो टेस्ट मैच जीत लेता है तो उसकी उम्मीदें जिंदा रहेंगी। हालांकि, फाइनल का टिकट कंफर्म करने के लिए भारत को हर हाल में बाकी तीन टेस्ट मैच जीतने होंगे।

**जानें कैसा है समीकरण :** अगर टीम इंडिया पांच मैचों की टेस्ट सीरीज में ऑस्ट्रेलिया को 3-2 से हरा देती है तो फिर वो टॉप-2 में रहेगी। ऑस्ट्रेलिया को इस सीरीज के बाद श्रीलंका में दो मैचों की टेस्ट सीरीज खेलनी है। वहां ऑस्ट्रेलिया की जीत आसान नहीं होगी। हालांकि, दक्षिण अफ्रीका को पाकिस्तान से अपने घर पर टेस्ट सीरीज खेलनी है। इसमें अफ्रीकी टीम की जीत की उम्मीद ज्यादा है। ऐसे में भारत, दक्षिण अफ्रीका और ऑस्ट्रेलिया के बीच डब्ल्यूटीसी फाइनल में पहुंचने की रेस बेहद रोमांचक हो गई है।

## आमिर जंगू ने चकनाचूर कर दिए सभी पुराने रिकॉर्ड, बने ओडीआई डेब्यू पर सबसे तेज शतक जड़ने वाले खिलाड़ी

● मंथन विदेश ब्यूरो

**स्पोर्ट डेस्क।** वेस्टइंडीज और बांग्लादेश के बीच 3 मैच की वनडे सीरीज का आखिरी मुकाबला 12 दिसंबर को खेला गया। यह मैच वेस्टइंडीज ने 4 विकेट से अपने नाम कर बांग्लादेश का सूपड़ा भी साफ कर दिया। कैरेबियाई टीम ने 3-0 से बांग्लादेश को हराया। इस मैच में वेस्टइंडीज के लिए 27 साल के बल्लेबाज आमिर जंगू ने डेब्यू किया था। जंगू ने अपने डेब्यू मैच में ही शतक लगाकर इतिहास रच दिया।

**वनडे डेब्यू पर सबसे तेज शतकः** दरअसल, आमिर जंगू ने वनडे डेब्यू पर सबसे तेज शतक लगाया। आज तक डेब्यू पर इतनी तेज सेंचुरी किसी खिलाड़ी ने लगाई। आमिर ने 80 बॉल पर अपना शतक पूरा किया। वह अंत तक नाबाद रहे। उन्होंने 83 गेंदों में 125 के स्ट्राइक रेट से बल्लेबाजी करते हुए 104 रन बनाए। उनकी पारी में 6 चौके और 4 छक्के भी शामिल थे।



इसके अलावा आमिर जंगू वनडे डेब्यू पर सेंचुरी लगाने वाले सिर्फ दूसरे वेस्टइंडीज के खिलाड़ी हैं। इससे पहले डेसमंड हेंस ने 1978 में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ एकदिवसीय फॉर्मेट में डेब्यू करते हुए सेंचुरी ठोकी थी। उन्होंने 136 गेंद में 148 रन बनाए थे। आमिर जंगू 18वें खिलाड़ी बने, जिन्होंने वनडे डेब्यू पर सेंचुरी लगाई।

**कुछ ऐसा रहा मैच का हालः** बांग्लादेश ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 50 ओवर में 5 विकेट के नुकसान पर 321 रन बनाए। माहमुदुल्लाह ने 63 गेंदों पर 84 रन बनाए। जाकिर अली भी 62 रन बनाकर नाबाद रहे। सौम्य सरकार ने 73 तो कप्तान मेहदी हसन मिराज ने 77 रन की पारी खेली। 322 रन का टारगेट वेस्टइंडीज ने 45.5 ओवर में ही 4 विकेट रहते चेज कर लिया। आमिर जंगू के अलावा केसी कार्टी ने 95 रन की शानदार पारी खेली गुडाकेश मोती ने नाबाद 44 रन बनाए।

## भारत-पाकिस्तान विवाद के बीच चैंपियंस ट्रॉफी 2025 के फॉर्मेट में बड़ा बदलाव?

**स्पोर्ट डेस्क।** चैंपियंस ट्रॉफी 2025 को लेकर विवाद अभी खत्म नहीं हुआ है, यही कारण है कि टूर्नामेंट के कार्यक्रम पर अभी तक कोई निर्णय नहीं लिया गया है। भारत ने सुरक्षा चिंताओं का हवाला देते हुए पाकिस्तान जाने से इनकार कर दिया, जिससे इस बात पर बड़ी चर्चा हुई कि अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद इस स्थिति से कैसे निपटेगी। एक हाइब्रिड फॉर्मूला सुझाया गया था जिसके तहत भारत अपने मैच दुबई में खेल सकता है, लेकिन अभी तक कोई आधिकारिक घोषणा नहीं की गई है। जबकि दिसंबर में आईसीसी की बैठक होनी थी, लेकिन आगे के तरीके को लेकर असहमति के कारण इसे स्थगित करना पड़ा।